कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-23.01.2025

विषय:- चोरी की कुल 03 अदद स्कूटी के साथ अभियुक्त इरफान थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना कैण्ट पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर डीएम कम्पाउण्ड के पीछे से दिनांक 25.01.25 को समय करीब 22.45 बजे अभियुक्त इरफान पुत्र बाबू अहमद निवासी-आजाद नगर कालोनी फुलवरिया थाना-कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी को चोरी की कुल 03 अदद स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कैण्ट पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना/पूछताछ का विवरण-

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे **"आपरेशन चक्रव्यूह"** अभियान अन्तर्गत दिनांक 25.01.2025 को संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान थाना कैण्ट पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक वाहन चोर डीएम कम्पाण्ड के पीछे स्कूटी के साथ खड़ा है, उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर एकबारगी दबिश देकर स्कूटी सवार को स्कूटी के साथ पकड लिया गया जिस पर नं. प्लेट नहीं था, स्कूटी से संबंधित कागजात मांगा गया तो प्रस्तुत नहीं कर सका और बताया कि यह गाड़ी मैंने मकबूल आलम रोड रायल इनफील्ड शोरूम के पास से चुराई थी और कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताया कि मैं आसपास के जगहों से स्कूटी चुराता हूँ जिन्हें मै यही डीएम कम्पाउण्ड के पीछे छिपाकर रखा हूँ व एक-एक करके बेचता हूँ। मैं इसे आज बेचने ले जा रह था कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिया गया तत्पश्चात इरफान उपरोक्त की निशांदेही पर डीएम कम्पाउण्ड के पीछे से 02 अदद स्कूटी बिना नम्बर प्लेट बरामद हुई जिसके सम्बन्ध में बताया कि यह स्कूटी मैंनें कुछ दिनों पहले नदेसर व चौकाघाट से चुराया था और बेचने के लिए यहां पर छिपाकर रखा था। बरामदशुदा स्कूटी के इंजन व चेचिस नं. के माध्यम से वाहन स्वामियों का नाम पता व उक्त सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोगों को तस्दीक कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

इरफान पुत्र बाबू अहमद निवासी-आजाद नगर कालोनी फुलवरिया थाना-कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 23 वर्ष।

गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान, दिनांक व समय-

डीएम कम्पाउण्ड के पीछे,दिनांक 25.01.2025 समय-22.45 बजे।

<u>बरामदगी विवरण-</u>

<u>चोरी की कुल 03 अदद स्कूटी-</u>

1. रजि. नं. UP 65 BJ 0151
2. रजि. नं. UP 65 CD 9743
3. रजि. नं. UP 65 CV 5909

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

मु0अ0सं0-0078/25 धारा-317(2),317(4) भा0न्या0सं0 थाना कैंट कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. उ0नि0 विकास सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 आकाश सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 सत्यम यादव थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 पवन कुमार सिंह थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 सचिन मिश्रा थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 नागेन्द्र कुमार थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 प्रिंस तिवारी थाना कैण्ट कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी